# कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर
भागलपुर 813 210

☎ दूरभाष सं॰ : 0641 – 2451186 ई–मेल :bhagalpurkvk@gmail.com


## 21वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवाही।

दिनांक 01.10.2024 को डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में 21वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

**उपस्थिति** : – उपस्थिति पंजी में संधारण।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, डॉ॰ अंजनी कुमार, निदेशक अटारी, डॉ॰ मो॰ मोनोबुरूल्लाह, प्रमुख वैज्ञानिक, अटारी, पटना, डॉ॰ आर॰ एन॰ सिंह, सह निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ० अभय मानकर, उप निदेशक प्रशिक्षण, डॉ॰ कुमार संजीव रमन, निदेशक कार्य एवं संयंत्र, ई॰ सिद्धनाथ सिंह, कार्यपालक अभियंत्रण, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, डॉ॰ एस॰एन॰ राय, सह अधिष्ठाता एवं प्राचार्य, डॉ॰ अहमर आफताब, विभागाध्यक्ष, उद्यान (फल एवं प्रौद्योगिकी) विभाग, डॉ॰ अंशुमन कोहली, विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान विभाग, डॉ॰ पारस नाथ सिंह, विभागाध्यक्ष, कीट विज्ञान विभाग, डॉ॰ ए॰पी॰ भगत, विभागाध्यक्ष पौधा रोग विभाग, डॉ॰ संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, पादप कार्यकी एवं जैव रसायन विभाग, ई॰ सनोज कुमार, कृषि अभियंत्रण विभाग, डॉ॰ प्रभाष कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, पौधा प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग, डॉ॰ सुशील कुमार पाठक, विभागाध्यक्ष, शस्य विज्ञान, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर, डॉ॰ अनिल कुमार यादव, संयुक्त कृषि निदेशक–सह–जिला कृषि पदाधिकारी, श्रीमती अंजली कुमारी सिन्हा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, श्री राजेश कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, श्री कृष्ण कन्हैया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, भागलपुर, श्री सुजीत कुमार पाल, सहायंक निदेशक पौधा संरक्षण, भागलपुर, मो॰ सरशाह अहमद, कार्यक्रम अधिकारी, आकाशवाणी, भागलपुर श्री चंदन सिन्हा, डी॰डी॰एम॰, नावार्ड, श्री अतुल कुमार प्रियदर्शनी, कार्यक्रम प्रमुख, आकाशवाणी रेडियो, भागलपुर, मो॰ शाकिर हुसैन, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, भागलपुर, मनोनित सदस्य श्रीमती सरिता देवी, श्रीमती सुनीता गोस्वामी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा किया गया एवं अध्यक्ष महोदय के अनुमति उपरान्त बैठक की कारवाई प्रारंभ की गई।

डॉ॰ राजेश कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 20वीं बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि हेतु समिति से अनुरोध की गई। जिसपर सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदित किया गया। तत्पश्चात् पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुति के क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रगति प्रतिवेदन (सितम्बर, 2023 से सितम्बर, 2024) प्रस्तुत किया गया एवं केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा अपने–अपने कृषक खेत परीक्षण एवं अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण पर विस्तृत रूप से कार्य प्रगति संबंधी

जानकारी दी गई। तत्क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा केन्द्र के प्रक्षेत्र की गतिविधियाँ, कृषक खेत पर परीक्षण, बीज उत्पादन कार्यक्रम, प्रत्यक्षण इकाई का विवरण एवं अन्य प्रसार गतिविधियाँ पर उपलब्धियों को माननीय सदस्यों के सामने रखी। पुनः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा केन्द्र की प्रस्तावित कार्यक्रम (अक्टूबर, 2024 से दिसम्बर, 2024) पर प्रकाश डाला गया।

मनोनित सदस्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी द्वारा महिला स्वयं सहायतत समूह का गठन एवं आर्थिक मदद की बात कही, जिसपर जिला कृषि पदाधिकरी, भागलपुर द्वारा आत्मा कार्यालय, भागलपुर से सम्पर्क करने की सलाह दिया।

जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी, भागलपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण की सूचना एवं प्रशिक्षण में लाईन डिपार्टमेन्ट के पदाधिकारी को शामिल करने की बात कही। जिस पर निदेशक अटारी, पटना एवं अध्यक्ष महोदय ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कृषि विभाग व बैंक पदाधिकारियों की सहभागिता हेतु कारवाई करने का निर्देश दिया। उक्त के आलोक में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण से संबंधित लाईन डिपार्टमेन्ट के पदाधिकारी को आवश्यकतानुसार सहभागिता हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किया जाता है एवं संबंधित पदाधिकारी का सहयोग प्राप्त होता रहा है। साथ ही उन्होंने भविष्य में अधिक सहभागिता हेतु कारवाई का आश्वासन दिया।

अध्यक्ष महोदय के निर्देश पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों/सदस्यों द्वारा विचार एवं सुझाव समिति सदस्यों के समक्ष रखा गया। अध्यक्ष महोदय ने केन्द्र के प्रधान एवं वैज्ञानिकों को कृषि विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की सलाह दी, जिससे केन्द्र गतिविधियों एवं परियोजना के माध्यम से किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुँचाने की बात कही एवं महिला उद्यमियों को स्वरोजगार परक प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़ने का आवाह्न किया। साथ ही उन्होंने डी.डी.एम. नावार्ड, भागलपुर को नावार्ड द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर से प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण मुहैया कराने में त्वरित कारवाई करने का सुझाव दिया।

बैठक में अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों द्वारा निम्न मुख्य निर्देश/सुझाव प्राप्त हुए–

✓ प्रत्येक दो माह में हैप्पनिंग बी.ए.यू. के माध्यम से किसानों की सफलता की कहानी प्रकाशित कराया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर**

✓ केन्द्र संचालित योजनान्तर्गत 1000 (एक हजार) मृदा नमूना जाँच करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन – श्रीमती रूबी कुमारी, कार्य.सहा. (प्रयो.तक.), कृ.वि.के., सबौर**

✓ पुष्प उत्पादक कृषक समूह के साथ बैठक एवं फूल उत्पादन में विस्तार हेतु नए प्रजाति का प्रत्यक्षण कर क्षेत्र विस्तार किया जाय।

**अनुपालन – डॉ॰ ममता कुमारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ कृषक खेत पर परीक्षण (OFT) अनुशंसा, कृषि एवं संवद्ध विभाग, भागलपुर को उपलब्ध कराया जाय। साथ ही बैनर/फैलक्सी के माध्मय से केन्द्र एवं विश्वविद्यालय में प्रदर्शित किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ प्रस्तावित अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (FLD) कार्यक्रम से गेहूँ, सरसों एवं मक्का के स्थान पर नए फसलों को प्राथमिकता दिया जाय।

✓ **अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ केन्द्र के प्रशिक्षु छात्रावास को अत्याधुनिक तकनीक वाला (High Tech) बनाने हेतु कारवाई किया जाय।

**अनुपालन – श्री ईश्वर चन्द्र, सहायक/प्रभारी प्रशिक्षु छात्रावास, कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ केन्द्र को एग्रो टूरिज्म सेन्टर के रूप में विकसित करने हेतु कारवाई किया जाय।

**अनुपालन –सहायक/फार्म मैनेजर/प्रभारी पदा॰ प्रक्षेत्र, कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ केन्द्र पर प्रतिनियुक्त रावे विद्यार्थियों को कृषक उत्पादक संघ (FPO) को क्रिया–कलापों को समझाने हेतु कृषक उत्पादक संघ (FPO) के कार्यस्थल पर 5–7 दिन तक रहकर ज्ञानवर्द्धन हेतु कारवाई किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (संबंधित), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ प्रत्येक तीन माह का प्रशिक्षण कैलेण्डर कृषि एवं सम्बद्ध विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (संबंधित), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ केन्द्र पर होने वाले व्यवसायिक प्रशिक्षण/क्षमतावर्द्धन प्रशिक्षण में जिले के संबंधित विभाग के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ पशुचिकित्सा शिविर प्रत्येक तीन माह में एक बार अवश्य कराया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु विज्ञान), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ किसानों के पसंद की प्रजाति/प्रभेद को प्रचलित किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य विज्ञान), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को संबंधित विकसित मॉडल का परिभ्रमण कराया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ जलवायु अनुकूल कृषि (CRA) योजना के पाँच साल के Impact को लाईन डिपार्टमेंट को भेजा जाय।

**अनुपालन – प्रभारी जलवायु अनुकूल कृषि (CRA), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ प्राकृतिक खेती में यथासंभव Endogenous प्रभेदों का समावेश किया जाय।

**अनुपालन – प्रभारी प्राकृतिक खेती योजना, कृ॰वि॰के॰, सबौर**

✓ भागलपुर जिले में आम का रकवा प्रजाति अनुसार Geo tagging हेतु कारवाई किया जाय ।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), कृ॰वि॰के॰, सबौर**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कारवाई समाप्त की गई।

ह0/–
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृ॰वि॰के॰, सबौर

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2024–25/**353** दिनांक : **01 /10 / 2024**

**प्रतिलिपि–** सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2024–25/**353** दिनांक : **01 /10 / 2024**

**प्रतिलिपि–** श्री सर्वेश कुमार, सोनवर्षा, बिहपुर/श्रीमती सरिता देवी, मालपुर, गोपालपुर/श्री नीरज साहु, साहुपरवता, नवगछिया/श्रीमती सुनीता गोस्वामी, संजादपुर, नाथनगर, भागलुपर, सदस्य वैज्ञानिक सलाहकार समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2024–25/**353** दिनांक : **01 /10 / 2024**

**प्रतिलिपि–** फार्म रेडियो पदाधिकारी, ए॰आर॰आई॰, भागलपुर/जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका/डी॰डी॰एम॰ नावार्ड/एल॰डी॰एम॰, यूको बैंक/जिला गव्य विकास पदाधिकारी/जिला सहकारिता पदाधिकारी/सह निदेशक पौधा संरक्षण पदाधिकारी/सह निदेशक (सस्य) भूमि संरक्षण पदाधिकारी/जिला मत्स्य पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/सह निदेशक उद्यान पदाधिकारी/प्रमण्डलीय वन पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा/संयुक्त कृषि निदेशक, भागलपुर प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान